कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद

आशियाना फेस –1, निकट पानी की टंकी, मुरादाबाद–244001
(0591)2452913, 3511011 ee11_upjn_mbd@yahoo.co.in

पत्रांक 970/ई–9/07 दिनांक 08/08/2022

सेवा में,

ग्राम विकास अधिकारी/ग्राम प्रधान
ग्राम सभा – ग्वारऊ
विकास खण्ड – बिलारी
जिला मुरादाबाद।

विषय :– राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (सांसद आदर्श ग्राम योजना) के अन्तर्गत निर्माण की गई ग्वारऊ ग्रामीण पाइप पेयजल योजना (अनुमानित लागत रू0 188.20 लाख) के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक ग्राम ग्वारऊ, विकास खण्ड बिलारी, जनपद मुरादाबाद मे एक पाइप पेयजल योजना निर्माण की गई है, जो चालू अवस्था में है। योजना के अन्तर्गत 618 नग पेयजल गृह संयोजन कराये गये है सूची संलग्न। उ0प्र0 सरकार के शासनादेश सं0 1134/38–5–11–56सम/2010 ग्राम्य विकास अनुभाग–5, लखनऊ दिनांक 20 जून 2011 के अनुसार एकल ग्राम की पेयजल योजना के रख–रखाव से सम्बन्धित समस्त कार्य ग्राम पंचायत द्वारा किये जायेगें। योजना हस्तान्तरण के उपरान्त पेयजल गृह संयोजन उपभोक्ताओं से शा0स0 8/1394/अड्तीस–5–14–27सम/2012(ए) ग्राम्य विकास अनुभाग–5, लखनऊ दिनांक 31 अक्टूबर 2017 के अनुसार रू0 50.00 प्रति पेयजल संयोजन प्रति माह की दर से जल मूल्य वसूली भी ग्राम पंचायत स्तर से ही की जायेगी। अतः उक्त शासनादेश के क्रम में कृपया पेयजल योजना हस्तगत करने का कष्ट करें।

यहाँ आपको यह भी अवगत कराना है कि हस्तान्तरण के तीन माह तक योजना से कोई तकनीकी कठिनाई उत्पन्न होती है तो उसको ठीक करने के लिये जल निगम तत्पर रहेगा।

संलग्नक –
1. कार्य का विवरण
2. पेयजल गृह संयोजन की सूची
3. सामग्री परीक्षण रिपोर्ट
4. योजना के फोटोग्राफ
5. कम्पलीशन प्लान

भवदीय

(फराहीम अहमद)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मुरादबाद
3. जिला विकास अधिकारी, मुरादाबाद।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, मुरादाबाद।
5. खण्ड विकास अधिकारी, बिलारी।
6. श्री एस0के0 मानिक, सहायक अभियन्ता/श्री संतोष त्रिवेदी, जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अधिशासी अभियन्ता